भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः 1884
उत्तर देने की तारीखः 11.03.2025

आवासीय उच्च विद्यालयों के लिए श्रेष्ठ योजना

1884. श्री बैजयंत पांडाः

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2023 में श्रेष्ठ योजना की शुरुआत से अब तक इस योजना के अंतर्गत निधि प्राप्त करने वाले अनुदान-आधारित संस्थानों (जो एनजीओ द्वारा चलाए जाते हैं) और आवासीय उच्च विद्यालयों की विशेषकर ओडिशा राज्य में कुल संख्या क्या है;

(ख) योजना के लिए चयनित विद्यालयों और छात्रावासों का ब्यौरा क्या है और श्रेष्ठ के लिए राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा (एनईटीएस) के माध्यम से नामांकित छात्रों की संख्या क्या है; और

(ग) लक्षित क्षेत्रों में अनुसूचित जाति के छात्रों के शैक्षणिक परिणामों में सुधार लाने के लिए योजना का क्या प्रभाव है?

उत्तर
सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
(श्री रामदास आठवले)

(क): वर्ष 2023 से श्रेष्ठ योजना के अंतर्गत निधियां प्राप्त करने वाले गैर-सरकारी संगठनों द्वारा संचालित सहायता अनुदान प्राप्त संस्थानों और आवासीय उच्च विद्यालयों की कुल संख्या इस प्रकार है:

क्र. सं.	**वर्ष**	**आवासीय उच्च विद्यालयों की संख्या (मोड-I)**	**सहायता अनुदान प्राप्त संस्थाओं की संख्या (मोड-II)**
1	2023-24	220	107
2	2024-25	224	68 (05.03.2025 की स्थिति के अनुसार)

ओडिशा में विद्यालयों और सहायता अनुदान प्राप्त संस्थानों का विवरण इस प्रकार है;

क्र. सं.	वर्ष	आवासीय उच्च विद्यालयों की संख्या (मोड-I)	सहायता अनुदान प्राप्त संस्थाओं की संख्या (मोड-II)
1.	2023-24	10	10
2.	2024-25	10	8

(ख): श्रेष्ठ (एनईटीएस) के लिए राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा के माध्यम से नामांकित छात्रों का विवरण इस प्रकार है;

वर्ष	चयनित छात्रों की संख्या	चयनित छात्रों द्वारा चुने गए आवासीय उच्च विद्यालयों की संख्या
2023-24	2543	144
2024-25	2753	144

(ग): इस योजना की शुरुआत से ही प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या में वृद्धि हुई है। इस योजना से सरकार की विकास पहलों को बढ़ावा देने और अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्रों में सेवा की कमी को दूर करने में मदद मिली है। इससे अनुसूचित जाति समुदाय का सामाजिक-आर्थिक उत्थान और समग्र विकास हुआ है।

*****